"हर काम देश के नाम"

कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक

उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-11001

Office of the Controller General of Defence Accounts

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

विकसित भारत अभियान 1947 TO 2047

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

सं. 0746/ हिं.क./ कैडर/ जिल्द-15

दिनांक : 21.01.2025

(राजभाषा अनुभाग)

सेवा में,

समस्त
रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक,
रक्षा लेखा नियंत्रक,
क्षे.प्र.कें.

विषय : राजभाषा अनुभाग की स्थापना के संबंध में।

******

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन के विषय में शिथिलता को अत्यंत गंभीरता से लिया जाता है। प्रायः देखने में आता है कि कुछ कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन का कार्य अपेक्षा एवं नियमानुरूप नहीं चल रहा है।

इस संबंध में अवगत कराया जाता है कि राजभाषा नियम 1976 के नियम 12 के तहत कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का उत्तरदायित्व है कि वे राजभाषा कार्यान्वयन का अनुपालन नियमतः सुनिश्चित कराएं।

यहाँ अवगत कराया जाता है कि जिस कार्यालय में राजभाषा संवर्ग से जुड़े पदाधिकारी तैनात हैं वहाँ विधिवत रूप से राजभाषा अनुभाग की स्थापना वरिष्ठ लेखा अधिकारी [जहाँ सहायक निदेशक (राजभाषा) तैनात नहीं हैं] की देखरेख में कराई जाए। साथ ही राजभाषा अनुभाग के लिए सभी आवश्यक सामग्री जैसे- राजभाषा की नियम पुस्तिकाएं, शब्दावलियाँ, कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट आदि के साथ एक अलग कमरा दिया जाए ताकि राजभाषा अनुभाग के पदाधिकारी अपना कार्य निर्बाध एवं त्वरित गति के साथ कर सकें।

राजभाषा संवर्ग के पदाधिकारियों को राजभाषा के कार्यों के अलावा किसी अन्य कार्य में न लगाया जाए ताकि राजभाषा नीतियों का अनुपालन नियमानुसार एवं समय से सुनिश्चित हो सके।

यह पत्र इस आशय के साथ जारी किया जाता है कि उपर्युक्त का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट मुख्यालय कार्यालय को पत्र जारी होने के 15 दिनों के अंदर भेजी जाए।

रक्षा लेखा वरि. संयुक्त महानियंत्रक (प्रशा.) के अनुमोदन से जारी।

पूनम

(पूनम)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि :-

प्रभारी अधिकारी-

सूचना एवं प्रौद्योगिकी विंग (स्थानीय) - रक्षा लेखा महानियंत्रक की वेबसाइट पर राजभाषा कोना में अपलोड करने हेतु।

हस्ता/ -
(पूनम)
सहायक निदेशक (राजभाषा)